F. No.1-12/2026/146586- Exam

कार्यालय / Office

लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली

Lal Bahadur Shastri Paramedical Skill and Training Council, New Delhi

परीक्षा एवं संगणक विभाग/ Exam and Computer Department

वेबसाइट / www.lbspstc.com

****

दिनांक / Dated: 02.03.2026

प्रति,

निदेशक / प्रधानाचार्य,

समस्त संबद्ध प्रशिक्षण केंद्र / संस्थान,

लाल बहादुर शास्त्री पैरामेडिकल स्किल एंड ट्रेनिंग काउंसिल।

<u>विषयः—कॉलेज पैनल से अपूर्ण/अप्रवेशित छात्रों को तत्काल हटाने अथवा परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में अनिवार्य निर्देश — अंतिम चेतावनी।</u>

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि लाल बहादुर शास्त्री पैरामेडिकल स्किल एंड ट्रेनिंग काउंसिल की आगामी परीक्षाएं **दिनांक 09 मार्च 2026** से निर्धारित हैं। काउंसिल के संज्ञान में आया है कि कई कॉलेजों के पैनल पर अभी भी ऐसे छात्रों के प्रवेश लंबित हैं जिनका परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है और न ही उनकी परीक्षा प्रक्रिया पूरी की गई है।

परीक्षा तिथिः— 09 मार्च 2026
अंतिम समय सीमाः 08 मार्च 2026 (शाम 5:00 बजे तक)

अतः आपको इस पत्र के माध्यम से कड़े निर्देश दिए जाते हैं किः—

जिन छात्रों को आगामी परीक्षा **(09 मार्च 2026)** में सम्मिलित करना है, उनका परीक्षा शुल्क एवं अन्य आवश्यक प्रक्रिया दिनांक 08 मार्च 2026, शाम 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। यदि आप किसी छात्र का परीक्षा शुल्क जमा नहीं कर रहे हैं या वे छात्र परीक्षा देने के इच्छुक नहीं हैं, तो उन प्रवेशों (।कउपेपवद) को अपने कॉलेज पैनल से तुरंत डिलीट करें। कॉलेज पैनल को अपडेट रखना संस्था की जिम्मेदारी है ताकि परीक्षा व्यवस्था में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

महत्वपूर्ण चेतावनीः—यदि दिनांक 08 मार्च 2026, शाम 5:00 बजे के बाद भी आपके कॉलेज पैनल पर बिना शुल्क या बिना प्रक्रिया के कोई भी प्रवेश लंबित पाया जाता है, तो काउंसिल स्तर से उन सभी प्रवेशों को स्वतः ही निरस्त / डिलीट कर दिया जाएगा। इस समय सीमा के बाद किसी भी प्रकार के प्रवेश को बहाल करने या परीक्षा में बैठाने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कॉलेज प्रशासन की होगी।

नोट: परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया जाता है कि 8/03/26 के बाद लंबित छात्रों को तत्काल प्रभाव से डिलीट किया जाये

सचिव / Secretary
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय
कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद
Lal Bahadur Shastri Paramedical
Skill and Training Council

उपसचिव / Joint Secretary
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय
कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद
Lal Bahadur Shastri Paramedical
Skill and Training Council